## हिंदी विभाग

## विभागीय प्रतिवेदन

## सत्र 2021- 22

हिंदी विभाग द्वारा 22-06-2021 को NEP की अध्ययन मंडल की ऑनलाइन बैठक संपन्न की गई। जिसमें श्री सचिन भागवत, डॉ. सुषमा जादौन, डॉ. पुनिता जैन एवं श्री कमलेश पटेल उपस्थित थे।

नवीन पाठ्यक्रम 2021-22 से प्रारंभ किया गया।

30-09-2021 को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार पाठ्यक्रम लागू किए जाने हेतु अध्ययन मंडल की बैठक आयोजित की गई।

सत्र 2021-22 के साहित्य मंच का गठन किया गया।

18 जनवरी 2022 से 25 जनवरी 2022 तक 'तीन दिवसीय अतिथि व्याख्यानमाला' का आयोजन किया गया। जिसमें आमंत्रित अतिथि डॉ. यशवंत सिंह रघुवंशी का ऑफलाइन व्याख्यान संपन्न हुआ एवं डॉ आनंद वर्धन शर्मा (वुल्गेरिया) का व्याख्यान ऑनलाइन आयोजित किया गया। व्याख्यान डॉ. आरती दुबे (प्राध्यापक हिंदी) के संयोजन में संपन्न किया गया।

15-02-2022 से 04-03-2022 तक आठ दिवसीय व्याख्यानमाला आयोजित की गई। जिसमें क्रमशः डॉ. सुधीर शर्मा, डॉ. मोहिनी अरोड़ा, डॉ. लक्ष्मी नारायण पांडे एवं प्रतिभा सिंह ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। जिसका संयोजन डॉ. आरती दुबे (प्राध्यापक हिंदी) ने किया।

17- 01-2022 को स्वरचित काव्य पाठ प्रतियोगिता संपन्न की गई।

10-02-2022 को भाषण प्रतियोगिता एवं 15-02-2022 को निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

19-02-2022 को विभाग द्वारा नारा लेखन प्रतियोगिता।

विभाग द्वारा 21-03- 2022 से 28-03-2022 तक सात दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका विषय था- "आंचलिक भाषाओं में भाषाओं में सहकार : तीज त्योहारों के

विशेष संदर्भ में" कार्यशाला में मध्य प्रदेश के विभिन्न अंचलों के साथ बिहार, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, पंजाब आदि राज्यों के त्यौहार एवं उनमें सहकार भाव पर केंद्रित थी। कार्यशाला का संयोजन डॉ. आरती दुबे ने किया था।

10-03-2022 से 11-03-2022 के हिंदी विभाग द्वारा "अंतर्राष्ट्रीय वेबिनार" का आयोजन किया गया। जिसका विषय था -"प्रवासी साहित्य में भाषा, साहित्य, समाज और संस्कृति।" जिसमे आमंत्रित अतिथि डॉ. सुरेश चन्द्र शुक्ल 'शरद आलोक' (नार्वे), डॉ. प्रणु शुक्ला, तेजेंद्र शर्मा (यी.के.),श्री दीपक अरोड़ा (दिल्ली), डॉ. ज्योति शर्मा, डॉ. उमेश सिंह (भोपाल), डॉ. केशव कुमार (आगरा), श्री हरीश अरोड़ा (दिल्ली), के. के. शर्मा (दिल्ली) थे। वेबिनार का संयोजन डॉ. आरती श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

संध्या प्रसाद

विभागाध्यक्ष

हिंदी विभाग